सत्यमेव जयते

षोडश

बिहार विधान सभा

नवम सत्र

अल्पसूचित प्रश्न

वर्ग-1

सोमवार, तिथि $\frac{\text{14 फाल्गुन, 1939 (श0)}}{\text{05 मार्च, 2018 (ई0)}}$

प्रश्नों की कुल संख्या 04

1) गृह विभाग	..	..	01
2) उद्योग विभाग	..	..	01
3) गन्ना उद्योग विभाग	..	..	01
4) वित्त विभाग	..	..	01
		कुल योग —	04

अध्यक्ष की नियुक्ति

3. श्री श्याम रजक--क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार मानवाधिकार राज्य आयोग में कुल दस हजार दर्ज मामले लम्बित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत वर्ष 2017 में सिर्फ 6 मामलों का निपटारा हुआ है ;

(3) क्या यह बात सही है कि विगत एक वर्ष से आयोग के पूर्णकालिक अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई है ;

(4) क्या यह बात सही है कि पूर्णकालिक अध्यक्ष के नहीं रहने से दर्ज मामलों का निपटारा नहीं हुआ है ;

(5) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्णकालिक अध्यक्ष की नियुक्ति का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

4. श्री ललित कुमार यादव--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 11 जनवरी, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''बैंक खातों में विभागों के पड़े 19 हजार करोड़ में आये 650 करोड़ रुपये ही'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बैंक खातों के 19 हजार करोड़ रुपये में से मात्र 650 करोड़ रुपये ही सरकारी खजानों में 31 दिसम्बर, 2017 तक जमा हो सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि छात्रवृत्ति एवं कृषि अनुदान के सैकड़ों करोड़ रुपये बैंक में ही जमा है जो कि छात्रों एवं किसानों के खाते में नहीं जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वित्तीय अनियमितता की जाँच कर कार्रवाई कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चीनी मिल चालू करना

5. श्रीमती अरुणा देवी--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार में कुल 15 चीनी मिलों में 7 ही चालू है तथा 8 मिल बंद है। चीनी मिल बंद होने के कारण हजारों एकड़ भूमि पर गन्ना की खेती नहीं हो रही जिसके कारण किसानों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बंद पड़े चीनी मिलों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उद्योग स्थापित करना

6. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--दिनांक 7 जनवरी, 2018 को पटना से प्रकाशित में ''उद्योग के लिये बेहतर माहौल बना रही आओ बिहार योजना'' शीर्षक को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में उद्योगों की स्थापना के लिये BIADA का लैंड बैंक समाप्त हो चुका है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो उन लैंड बैंकों पर कुल कितने उद्योग स्थापित किये गये हैं और उनमें से कितनों में उत्पादन हो रहा है, यदि नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 5 मार्च, 2018 (ई0) ।

राम श्रेष्ठ राय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0स0मु0 (एल0ए0), 100-डी0टी0पी0-550